संख्याः 44/2015/1525/तीस-1-2015-5(27)/2015

प्रेषक,

मुहम्मद अख़लाक़ खाँ,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-1 लखनऊः दिनाँक 22 दिसम्बर, 2015

विषयः बस स्टेशन मेहनगर जनपद आजमगढ़ के पुनर्निर्माण के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-35/2015/1300/तीस-1-2015-5(27)/2015, दिनांक 26 अक्टूबर, 2015 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा बस स्टेशन मेहनगर जनपद आजमगढ़ के पुनर्निर्माण कार्य हेतु रू0 86.10 लाख (रू0 छियासी लाख दस हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी0-1-925/10/2015-231/2015, दिनांक 30 मार्च, 2015 में निहित निर्देशों के क्रम में चालू वित्तीय वर्ष-2015-16 में व्यय हेतु धनराशि रू0 86.10 लाख अवमुक्त किये जाने के आदेश निर्गत किये गये हैं और प्रश्नगत कार्य कराये जाने हेतु उ0प्र0 विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ लि0 (पैकफेड) लखनऊ को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक विचारोपरान्त बस स्टेशन मेहनगर जनपद आजमगढ़ के पुनर्निर्माण कार्य नामित कार्यदायी संस्था उ0प्र0 विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ लि0 (पैकफेड) लखनऊ के बजाय उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम (कार्यदायी संस्था) से कार्य कराये जाने का

http://shasanadesh.up.nic.in

निर्णय लिया गया है। अत: तद्नुसार प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही कराने तथा कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने का कष्ट करे।

3- उक्त शासनादेश संख्या-35/2015/1300/तीस-1-2015-5(27)/2015, दिनांक 26 अक्टूबर, 2015 की शेष अन्य शर्ते यथावत् रहेगी।

भवदीय,

ह0

(मुहम्मद अख़लाक़ खाँ)

विशेष सचिव।

संख्याः 44/2015/1525/तीस-1-2015 तददिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, लखनऊ।
5. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ लि0 (पैकफेड), लखनऊ।
6. वित्त नियन्त्रक, परिवहन आयुक्त/उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम कार्यालय लखनऊ।
7. वित्त नियन्त्रक, उ0प्र0 विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ लि0 (पैकफेड), लखनऊ ।
8. नियोजन अनुभाग-4।
9. वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-9/परिवहन अनुभाग-3।
10. निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन,लखनऊ।
11. गाई फाइल।

आज्ञा से,

ह0

(सन्त लाल)

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

http://shasanadesh.up.nic.in